माँ ने बुलाया है | By Riyaz Hindustani

संदेसा आया है भक्तों सुनो संदेसा आया है
संदेसा आया है भक्तों सुनो संदेसा आया है
ऊँचे ऊँचे डेरा वाली माँ ने चलो बुलाया है
संदेसा आया है भक्तों सुनो संदेसा आया है
संदेसा आया है भक्तों सुनो संदेसा आया है

बाँट रही है खुशियां मैया जग के सब दुखियारों को
भर के झोली भेज रही है मैया गम के मारो को
माता रानी से जिसने भी जो माँगा है पाया है
ऊँचे ऊँचे डेरा वाली माँ ने चलो बुलाया है
संदेसा आया है भक्तों सुनो संदेसा आया है

जिसको मैया खुश होके अपने दरबार बुलाती है
कष्ट सभी मिट जाते हैं बिगड़ी किस्मत बन जाती है
जो भी रोता गया वहां से हँसता हँसता आया है
ऊँचे ऊँचे डेरा वाली माँ ने चलो बुलाया है
संदेसा आया है भक्तों सुनो संदेसा आया है

जोड़ लिए मैंने जब दिल से माँ की भक्ति के धागे
सुख समृद्धि घर में आई भाग्य मेरे भी हैं जागे
माँ के चरणों में मैंने श्रद्धा से शीश झुकाया है
ऊँचे ऊँचे डेरा वाली माँ ने चलो बुलाया है
संदेसा आया है भक्तों सुनो संदेसा आया है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-riyaz-hindustani/